समारोह | मेहरा (डेहरिया) समाज का भव्य मिलन समारोह आयोजित

# सामाजिक, शैक्षिक एवं वैवाहिक मुद्दों पर हुआ विचार-विमर्श





**नवभारत,जबलपुर।** राइट टाउन स्थित मानस भवन में रविवार को मेहरा (डेहरिया) समाज का विशाल पारिवारिक मिलन समारोह एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन अत्यंत उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों युवक-युवतियों, महिलाओं एवं वरिष्ठजनों ने भाग लेकर इसे सामाजिक एकता का मजबूत मंच बना दिया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं वैवाहिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। मंच से महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व में भागीदारी और सामाजिक संरचना में उनकी भूमिका पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम के दौरान गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने समाज के उत्थान हेतु 1 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की, जिसका उपस्थित समाजजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया।

### सामूहिक एकता का दिया संदेश

समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और नई पीढ़ी को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूरा वातावरण सामाजिक एकता, उत्साह और पारिवारिक सौहार्द से सराबोर रहा।


### ये रहे उपस्थित

इस आयोजन में मेहरा (डेहरिया) समाज समिति, संस्कारधानी जबलपुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश भट्ट, प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष जगेश्वर सुरजये, एनपी झरिया, मीडिया प्रभारी हरि मेहरा सहित कई गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### महिला सशक्तिकरण और परिचय सम्मेलन बना आकर्षण

युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने मंच पर अपने परिचय साझा किए। आयोजकों ने इसे योग्य वर-वधू चयन और सामाजिक समन्वय का प्रभावी माध्यम बताया।

### इनका कहना है



इस तरह के आयोजन से हम अपने समाज के लोगों को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। यह परिचय सम्मेलन रिश्तों को मजबूत आधार देता है।
**पूजा झारिया**



आज के समय में सामाजिक मेल-जोल कम हो गया है, ऐसे कार्यक्रम हमें फिर से एक-दूसरे के करीब लाते हैं।
**कविता**



महिलाओं की भागीदारी बढ़ना बहुत जरूरी है। ऐसे मंच हमें अपनी बात रखने और समाज से जुड़ने का अवसर देते हैं।
**अंजू डेहरिया**



यह मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा। यहां मुझे अपने समाज के युवाओं से मिलने और समझने का अवसर मिला।
**रंजन हिनोदिया**



# बैसाखी महापर्व पर दशमेश द्वार में खंडासाहिब हुआ स्थापित

▸ पंज प्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन



**नवभारत,जबलपुर।** गुरुद्वारा प्रेमनगर में आज से तीन दिवसीय बैसाखी महापर्व की शानदार शुरुआत हो गई। यहां पंज प्यारों की अगुवाई में जहां भव्य नगर कीर्तन निकाला गया वहीं दूसरी तरफ मदनमहल स्थित दशमेश द्वार के शीर्ष पर खालसा पंथ का धार्मिक प्रतीक चिह्न खंडा साहिब स्थापित किया गया। इस मौके पर मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जसवीर सिंह ने चढ़दी कला की विशेष अरदास प्रार्थना संपन्न करवाई। तदोपरान्त श्रीगुरू ग्रंथ साहिब जी का मुखवाक आदेश श्रवण करवाया। इस मौके पर मीठी लस्सी छबील के साथ ही गुरु का लंगर वितरित किया गया। प्रधान साहब मंजीत सिंह ननडा ने आभार व्यक्त किया। रणजीत सिंह भोमराह एवं सचिव सुरिंदर सिंह ने संचालन किया।

इस दौरान प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारीगण चरण जीत सिंह कैला, हरमीत सिंह धन्जल, बलजीत सिंह मांगट, अवतार सिंह प्लाहा, अजायब सिंह कैंबो एवं पार्षद निशा राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल रहे। बैसाखी महापर्व का पहला कीर्तन दरबार आज 13 अप्रैल को रात्रि 7 बजे से अर्धरात्रि 12.15 बजे तक लगेगा। इसमें देश विदेश के प्रसिद्ध रागी जत्थे एवं कथाकार और इतिहासविद शिरकत करेंगे। 14 अप्रैल को दिनभर धूमधाम के साथ बैसाखी महापर्व मनाया जाएगा।

## एक नजर में



### अशोक बने प्रदेश महासचिव, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ में अशोक यादव को प्रदेश महासचिव नियुक्त किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। उनकी नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं संगठन प्रभारी संजय कांबले की सहमति से, प्रदेश अध्यक्ष निकेश चौहान और कार्यवाहक अध्यक्ष पहलाद महावर द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी कार्यालय में ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में अशोक यादव का स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सेवा दल के जबलपुर प्रवक्ता जितेंद्र यादव सहित विवेक यादव, श्याम सोलंकी, अनिल गुप्ता, आलोक गुप्ता, साहिल यादव, अनिल, अनु यादव, मुन्ना चौरसिया और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अशोक यादव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अम्बेडकर जयंती पर आयोजन आज

नवभारत, जबलपुर। भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आज 13 अप्रैल



2026 को हाईकोर्ट चौक पर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रात 10 बजे से ज्योतिबा फुले के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन होगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उपासकों एवं उपासिकाओं से नीले परिधान पहनकर तथा भारतीय संविधान की प्रति साथ लाने का आग्रह किया गया है। रात 12 बजे केक काटकर जयंती मनाई जाएगी, साथ ही आकर्षक आतिशबाजी और प्रतिमा को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया जाएगा। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को केक प्रसाद वितरित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष यादवराव मेश्राम एवं संयोजक जे.पी. नन्हेट के नेतृत्व में दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेडे, सिद्धार्थ उरकुडे, वीरेन्द्र बौद्ध, विजय धाबर्डे, चन्द्रकला ढोके, रेखा वालके, सुनीता शेन्डे, मीना खापर्डे, अनिता जनबन्धु, देवेन्द्र मडके सहित सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।



### मंडल की 15 महिला रेल कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन (डबलूसीआर डबलूडबलूओ) जबलपुर मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 15 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल की अध्यक्षा पूनम खत्री तलरेजा, उपाध्यक्ष आभा रानी आनंद, सचिव निकिता सिन्हा, मरियम खान, दर्शिता श्रीवास्तव, सुचिता चौहान, सीमा पांडे एवं सुधा तिवारी की उपस्थिति में सफल आयोजन हुआ।



### नेम सिंह मरकाम एवं डॉ. सत्येंद्र का हुआ सम्मान

**नवभारत,जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ, दलित, ओबीसी, मायनारटी एवं आदिवासी संगठनों के परिसंघ तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में गोंडवाना चौक स्थित राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा स्थल पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व किशोरीलाल भलावी एवं अजय झारिया ने किया। इस अवसर पर हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय नेता एवं गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के अध्यक्ष नेम सिंह मरकाम को कांग्रेस में जबलपुर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर तथा परिसंघ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सत्येंद्र ब्यौहार को डिंडोरी जिला आयुष अधिकारी पद पर नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। दोनों को शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के शिक्षा प्रसार के संदेश को अपनाने और आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र कापसे, उपाध्यक्ष सुरेंद्र लखेरा, महासचिव उत्तम सिंह ताराम, राजकुमार बर्षे, सुखदीन कटारे, जगदीश नन्हेट, नरसिंह कनौजिया, गया प्रसाद धुर्वे, एडवोकेट जगदीश कश्यप, संजय कनोजिया, राजा खान, यशवंत ग्रावकर, राकेश कुंवर, सेखलाल आर्मो, नोखेलाल वरकड़े सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# वैदिक मंत्रों के साथ हुआ परशुराम जयंती का पत्रक पूजन

▸ 19 को रामसागर से निकलेगी शोभायात्रा



**नवभारत, जबलपुर।** गोसलपुर सर्व ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली भव्य शोभायात्रा के पत्रक का पूजन रविवार को राधा कृष्ण कुटी, रामसागर में विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। नगर के वरिष्ठ पुरोहित शंकरलाल तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं आरती के साथ पूजन कराया। समिति अध्यक्ष महेश तिवारी ने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 19 अप्रैल 2026, रविवार को वैशाख शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया पर रामसागर तालाब स्थित राधा कृष्ण कुटी से शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें ब्राह्मण समाज के लोग फरसा, ध्वज एवं भगवान परशुराम के जयकारों के साथ नगर भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा में नगर के गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम के समापन पर समस्त क्षेत्रवासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया है। इस अवसर पर महेश तिवारी, एन.के. शुक्ला, राम निरंजन दुबे, लक्ष्मण पालीवाल, मोहित तिवारी, रमेश चंद्र शुक्ला, रमन मिश्रा, भुवनेश तिवारी, इंद्र कुमार उपाध्याय, अर्पित चौबे, प्रीति पालीवाल, जितेंद्र पांडे, एस.के. तिवारी, मोंटी दुबे, रवि तिवारी, स्वतांक पालीवाल, कुलदीप अवस्थी एवं अतुल अवस्थी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# शहीद स्मारक बलिदान की स्मृतियां हमें गर्व की कराती अनुभूति

▸ परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री समाज गौरव अलंकरण समारोह में हुए शामिल

**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह रविवार को गोल बाजार स्थित शहीद स्मारक भवन में नेमा समाज द्वारा आयोजित 'समाज गौरव अलंकरण समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस गरिमामय अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने समाज के आमंत्रण पर आभार व्यक्त करते हुए शहीद स्मारक की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि यह एक ऐसा पवित्र स्थान है, जहाँ देशप्रेमियों के बलिदान की स्मृतियाँ और प्रेरणा हमें गर्व की अनुभूति कराती हैं। उन्होंने वैश्विक पटल पर भारत की बढ़ती शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा देश अपनी गौरवमयी पृष्ठभूमि के साथ एक सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के रूप में निरंतर आगे बढ़ रहा है, जिसमें नेमा समाज का योगदान सराहनीय और अतुलनीय है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाज की विभूतियों को 'समाज गौरव' से अलंकृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।



### सुरक्षित मातृत्व दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर शैल्बी हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में सुरक्षित मातृत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान सामान्यजन, ड्यूटी डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के लिए शैक्षणिक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मातृत्व से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में हीमोग्लोबिन व ब्लड प्रेशर जांच तथा हेल्थ टॉक आयोजित हुई। कार्यक्रम में डॉ. नीता पाराशर (सुपरिंटेंडेंट, एल्गिन हॉस्पिटल व प्रेसिडेंट) एवं डॉ. रोमा नाग (सेक्रेटरी) सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चारु पाठक के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर डॉ. संदीप श्रीवास्तव, अंकित जैन (डिप्टी सीएओ) सहित अस्पताल स्टाफ की सहभागिता रही। साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से स्टाफ ने रचनात्मक रूप से सुरक्षित मातृत्व का संदेश दिया।

# 'मां शीतल सी छांव,' 'अंगार लिखो या संसार लिखो

▸ मंथनश्री संस्था द्वारा रमा देवी नेमा स्मृति काव्य महोत्सव का आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** मंथनश्री संस्था द्वारा स्वर्गीय रमा देवी नेमा स्मृति काव्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मॉरीशस से गोवर्धन सिंह सच्चिदानंद फ़ौदार रहे तथा अध्यक्षता विजय नेमा 'अनुज' ने की। अतिथियों ने कहा कि माँ गीता, गंगा और गायत्री का स्वरूप है तथा माँ पर जितना लिखा जाए, वह कम है। मुख्य वक्ता राजेश पाठक 'प्रवीण' ने माँ के अनंत स्वरूप और मंथनश्री की रचनात्मकता पर प्रकाश डाला। संतोष नेमा ने स्व. रमा देवी नेमा के आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक एवं साहित्यिक योगदान को याद किया। संचालन कविता राय एवं आभार कविता नेमा ने व्यक्त किया। द्वितीय सत्र में आयोजित काव्य गोष्ठी में कवियों ने माँ पर केंद्रित भावपूर्ण रचनाएँ प्रस्तुत कीं, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। प्रमुख पंक्तियाँ— 'माँ शीतल सी छांव', 'अंगार लिखो या संसार लिखो', 'अच्छे बुरे का भान कराती है मेरी माँ', 'बिना दिया हरती अंधियारों' आदि ने श्रोताओं को भावविभोर किया। कवियों में डॉ. कृष्ण कुमार नेमा, रश्मि पाण्डेय, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, प्रीति नामदेव, नवनीता दुबे, राम वल्लभ गुप्त 'इंदौरी', प्रदीप नामदेव, संजय जैन (मुंबई), रेखा नेमा, इंजी. हेमंत कुमार जैन, ज्योति प्यासी, डॉ. सलमा जमाल, मदन श्रीवास्तव, संध्या द्विवेदी, राजकुमारी रैकवार, नारायण तिवारी, प्रो. शरद नारायण खरे, तरुणा खरे, ज्योति मिश्रा, डॉ. तनूजा चौधरी, रजनी कटारे, अनीता उपाध्याय, आरती श्रीवास्तव, अनुराधा गर्ग, मुकुल तिवारी, रेखा ताम्रकार, सुभाष शलभ, योगिता चौरसिया, मनोज जैन, विनीता पैगवार, सुशील जैन, आभा प्रभा विश्वकर्मा, अमित सिंह 'बाबा' एवं अन्य ने अपनी रचनाओं से समा बाँध दिया। समापन पर सभी सहभागी कवियों को 'रमा देवी स्मृति मंथनश्री काव्य चेतना अलंकरण' से सम्मानित किया गया।

जयंती | आदर्श कुशवाहा समाज ने मनाई महात्मा फुले की जयंती

# समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है : रविंद्र



**नवभारत,जबलपुर।** आदर्श कुशवाहा समाज रांझी द्वारा समाज सुधारक एवं महान शिक्षाविद महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कुशवाहा भवन में किया गया, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं महिलाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। वक्ताओं ने फुले जी के जीवन, सामाजिक सुधार एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। समाज के अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है तथा जरूरतमंदों की पढ़ाई में सहयोग करने का संकल्प लिया गया। उन्होंने सभी उपस्थितजनों का आभार भी व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वृंदावन वर्मा, संत कुमार कुशवाहा, अमित वर्मा, देवेंद्र, लोमेश, राजेश, रवेंद्र, पुष्पराज, कमलेश, मनोज, विनोद, गणेश प्रसाद, जोखू लाल, त्रिवेणी प्रसाद, राम गरीब, तेज प्रसाद, रामबालक, चंद्रिका, इंद्रजीत, आनंद, पन्नालाल, कमल, शिव, द्वारिका, दयानंद, रोहित, रामलाल, राजू, गौरव, वरुण, छोटू कुशवाहा सहित श्रीमती पुष्पा, सरिता, वैष्णवी, बिंदेश्वरी, पार्थवी, सावित्री, विमल, श्याम कली, प्रवीण, मधु, सुनीता, उर्मिला, संगीता, विनीता, गीता, शर्मिला एवं लक्ष्मी कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



# वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं और गर्मी से बचाव पर हुआ मंथन

▸ वेलनेस सेंटर-4 में सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी-4 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.पी. रावत की अध्यक्षता में सलाहकार समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि अनिल शुक्ला, गुरमुख दास और मृगेन्द्र नारायण सिंह शामिल हुए। डॉ. रावत ने पिछली बैठक के निर्णयों की समीक्षा करते हुए की गई कार्यवाही की जानकारी दी, जिसे सभी सदस्यों ने सराहा। प्रतिनिधियों ने डिस्प्ले बोर्ड के सुचारू संचालन तथा गर्मी के मद्देनजर वाटर कूलर, एयर कूलर और पंखों की बेहतर साफ-सफाई की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर डॉ. रावत ने बताया कि सभी उपकरणों की साफ-सफाई कर दी गई है और वे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए विशेष रूप से बुजुर्गों को सावधानी बरतने की सलाह दी। बैठक में डॉ. एलिस सराफ, डॉ. राजीव यादव, डॉ. एस.के. राय, मनोज कुमार, लव डांगी, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, आनंद कुमार, रवि कुमार, हेमराज आर्मो और रंजना का सराहनीय योगदान रहा। अंत में वरिष्ठ स्टाफ मनोज कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।